भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 347
दिनांक 03.02.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

बहुपक्षीय ढांचे के अंतर्गत आपसी सहयोग

347. श्री असादुद्दीन ओवैसी:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्री महोदय ने हाल ही में पश्चिमी देशों की पृष्ठभूमि में व्यापारिक संबंधों की समीक्षा करने और जी–20 तथा ब्रिक्स सहित बहुपक्षीय ढांचे के अंतर्गत आपसी सहयोग की कार्यसूची को अंतिम रूप देने के लिए रूस का दौरा किया था;

(ख) यदि हाँ तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) रूस–यूक्रेन युद्ध, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आतंकवाद के संबंध में दोनों देशों के बीच क्या विस्तृत चर्चा की गई; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और रूस से भारत की ऊर्जा माँग को पूरा करने के संबंध में अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/कदमों पर चर्चा की गई है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) से (घ) विदेश मंत्री, डॉ. एस. जयशंकर ने 7–8 नवंबर 2022 को रूस की यात्रा की। यात्रा के दौरान, उन्होंने श्री डेनिस मंटुरोव, उप प्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री, जो व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय और सांस्कृतिक सहयोग संबंधी भारत–रूस अंतर सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी–टीईसी) में उनके समकक्ष भी हैं और श्री सर्गेई लावरोव, रूसी संघ के विदेश मंत्री के साथ बैठकें कीं। विदेश मंत्री ने रूसी उप प्रधानमंत्री के साथ ऊर्जा सहित द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित मुद्दों पर बातचीत की और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ जी–20 सहित क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास के बारे में विचारों का आदान–प्रदान भी किया।

दोनों देश रूस–यूक्रेन युद्ध, आतंकवाद, अफगानिस्तान और इस क्षेत्र की स्थिति सहित पारस्परिक हित के मुद्दों पर उच्चतम स्तर सहित नियमित रूप से विचार–विमर्श करते हैं।

*****